Number of Pages in Booklet: 12
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 12
Number of Questions is Booklet :100
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक **150691**

# Admission Test for PG Course

# URATPG - 2023

## HINDI

### Subject Code / विषय कोड – 15

Roll No. of Candidate / अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..........

OMR Serial Number / ओ. एम. आर. क्रमांक : ..........

Signature of Candidate / अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..........

Date of Examination / परीक्षा तिथि : ..........

Signature of Invigilator / वीक्षक के हस्ताक्षर : ..........

**Time/समय : Two Hours/ दो घण्टे** **Maximum Marks/पूर्णांक : 100**

SE

### INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. 01 to serial no.100 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the OMR sheets using **BLUE / BLACK BALL POINT PEN.**
8. There is no provision of **Negative marking.**
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, the English version shall be considered correct.

### निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 01 से क्रमांक 100 तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमश : (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ. एम. आर. शीट पर **नीले / काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं हैं।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध हैं। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियों को ओ. एम. आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ. एम. आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
11. यदि प्रश्न के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जायेगा।

1. 'अंब तजइ नहिं कोइलाँ, सरवर सालूराह' पंक्ति में 'सालूराह' शब्द का अर्थ है –

(अ) कोयल (ब) बसंत

(स) मोर (द) मेंढ़क

2. 'मैथिल कोकिल' के नाम से ख्यात कवि हैं –

(अ) रसखान (ब) देव

(स) विद्यापति (द) तुलसीदास

3. जायसी के 'पद्मावत' के अनुसार पदमावती के पिता का नाम था –

(अ) गंधर्वसेन (ब) लक्ष्मणसेन

(स) राघवसेन (द) रतनसेन

4. "सखी म्हारी नींद नसाणी हो। पिय रो पंथ निहारत सब रैण बिहाणी हो।" काव्य पंक्ति के रचनाकार हैं–

(अ) महादेवी (ब) मीरांबाई

(स) रसखान (द) सूरदास

5. 'केसव! कहि न जाइ का कहिये।' काव्य पंक्ति में किस कवि की पीड़ा उजागर हुई है?

(अ) केशवदास (ब) सूरदास

(स) तुलसीदास (द) मीरांबाई

6. 'बीसलदेव रास' की मुख्य नायिका का नाम है –

(अ) राजमती (ब) भागमती

(स) भानुमती (द) संयोगिता

7. निम्नलिखित में से रांगेय राघव रचित कहानी है –

(अ) परदा

(ब) पुरस्कार

(स) पिक्चर पोस्टकार्ड

(द) गदल

8. निम्नलिखित में से कौनसी कहानी भारत–विभाजन की त्रासदी पर आधारित है –

(अ) यही सच है

(ब) सिक्का बदल गया

(स) आर्द्रा

(द) गदल

9. 'पुरस्कार' कहानी की नायिका ने अपने लिए राजा से क्या पुरस्कार माँगा?

(अ) आधा राज्य (ब) कारावास

(स) स्वर्ण मुद्रा (द) मृत्युदंड

10. निम्नलिखित में से कौन 'गलोबल गाँव के देवता' उपन्यास का पात्र नहीं है–

(अ) लालचन (ब) रुमझुम

(स) घुघनी (द) गन्दूर

11. निम्नलिखित में से किस कृति के रचनाकार कवि केशवदास हैं –

(अ) रामचंद्रिका

(ब) कवित्त रत्नाकर

(स) हिम्मत बहादुर विरुदावली

(द) सुदामा चरित

12. 'लोग हैं लागी कवित्त बनावत, मोहिं तो मेरे कवित्त बनावत' का संबंध किस कवि से है?

(अ) बिहारी (ब) घनानंद

(स) आलम (द) सेनापति

13. निम्नलिखित में से कौनसी रचना कवि भूषण द्वारा रचित नहीं है?

(अ) भाषा भूषण

(ब) शिवराज भूषण

(स) छत्रसाल दशक

(द) शिवाबावनी

27. मध्यकाल में निम्नलिखित में से किस बोली में सर्वाधिक साहित्य मिलता है?

(अ) कौरवी (ब) ब्रज

(स) बुन्देली (द) खड़ी बोली

28. अर्धमागधी अपभ्रंश से विकसित मानी जाती है –

(अ) पूर्वी हिन्दी

(ब) सिन्धी

(स) राजस्थानी

(द) पश्चिमी हिन्दी

29. हिन्दी भाषा के विकास और प्रसार से संबंधित निर्देश संविधान के किस अनुच्छेद में है?

(अ) अनु. 347 (ब) अनु. 350 (i)

(स) अनु. 350 (ii) (द) अनु. 351

30. भारतीय संविधान सभा द्वारा हिन्दी को राजभाषा के रूप में कब स्वीकार किया गया?

(अ) 09 दिसंबर 1946 को

(ब) 14 सितंबर 1949 को

(स) 14 सितंबर 1947 को

(द) 26 नवंबर 1948 को

31. निम्नलिखित में से किसे देवनागरी लिपि का गुण कहा जाता है?

(अ) वर्णमाला का व्यवस्थित और वैज्ञानिक क्रम

(ब) एक ध्वनि के लिए अनेक लिपि चिह्न

(स) संयुक्त अक्षरों का अतिशय प्रयोग

(द) प्रत्येक ध्वनि के लिए स्वतन्त्र लिपि चिह्न का अभाव

32. देवनागरी लिपि में निम्नलिखित में से कौनसा सुधार/सुझाव स्वीकार नहीं किया गया है?

(अ) 'ख' वर्ण को नीचे से मिलाकर लिखा जाए

(ब) ध और भ को ऊपर घुंडी लगाकर लिखा जाए

(स) अ की बारहखड़ी का प्रयोग किया जाए

(द) द्वैध अक्षरों में से अ, झ, ण और श का ही प्रयोग किया जाए

33. "काव्यशोभाकरान् धर्मानलंकारान् प्रचक्षते" अलंकार के संबंध में यह कथन किसका है?

(अ) भामह (ब) दंडी

(स) उद्भट (द) रुद्रट

34. निम्नलिखित में से कौनसा शब्दालंकार का भेद नहीं है?

(अ) श्लेष (ब) अनुप्रास

(स) यमक (द) रूपक

35. "अरी सखी! यह मुख नहीं, यह है अमल मयंक।" इस पंक्ति में निहित अलंकार है –

(अ) अपह्नुति (ब) विभावना

(स) रूपक (द) उत्प्रेक्षा

36. निम्नलिखित में से श्लेष अलंकार का उदाहरण है –

(अ) 'मुख के मिस, देखहु उग्यो, यह निकलंक मयंक'

(ब) 'जानि स्याम को स्याम–घन नाचि उठे वन मोर'

(स) 'बलिहारी नृप–कूप की, गुण बिन बूँद न देहिं'

(द) 'बसन देहु ब्रज में हमें बसन देहु ब्रजराज'

37. निम्नलिखित में से कौनसा दोहा छंद का लक्षण नहीं है?

(अ) सम चरण में 11 मात्रा होती है।

(ब) सम चरण के अंत में गुरु–लघु (S I) होता है।

(स) विषम चरण में 13 मात्रा होती है।

(द) विषम चरण के अंत में गुरु–लघु (S I) होता है।

38. 'प्रिय पति! वह मेरा प्राण प्यारा कहाँ है?
दुख जलनिधि – डूबी का सहारा कहाँ है?' इन पंक्तियों में निहित छंद है –

(अ) मालिनी

(ब) चौपाई

(स) रोला

(द) वसन्ततिलका

49. किस विकल्प में अभिधा शब्द शक्ति का प्रयोग हुआ है?

(अ) राजस्थान जाग उठा।

(ब) सारा गाँव भूखा मर रहा है।

(स) लड़के क्रिकेट खेल रहे हैं।

(द) दोनों घरों में झगड़ा है।

50. 'अम्बर–पनघट में डुबो रही तारा–घट उषा–नागरी' इस काव्य – पंक्ति में निहित अलंकार है –

(अ) रूपक (ब) उपमा

(स) श्लेष (द) उत्प्रेक्षा

51. 'उत्तराफाल्गुनी के आसपास' निबन्ध के रचनाकार कौन हैं?

(अ) रामविलास शर्मा

(ब) कुबेरनाथ राय

(स) विद्यानिवास मिश्र

(द) नन्द दुलारे वाजपेयी

52. ललित निबंधकार के रूप में किसकी ख्याति है?

(अ) रामचन्द्र शुक्ल

(ब) रामविलास शर्मा

(स) विद्यानिवास मिश्र

(द) बाबू श्यामसुन्दरदास

53. हजारीप्रसाद द्विवेदी के अनुसार भारतीय साहित्य की प्राण शक्ति क्या है?

(अ) वर्णाश्रम व्यवस्था का सिद्धांत

(ब) मोक्ष की अवधारणा

(स) संस्कृत भाषा का लालित्य

(द) पुनर्जन्म और कर्मफल का सिद्धांत

54. 'तुलसीदास की वाणी मूलतः पीड़ित कृषक जनता की वाणी है। .....कवितावली में प्रत्यक्ष रूप से किसानों के उत्पीड़न की चर्चा है।' यह कथन किस निबंधकार का है?

(अ) रामविलास शर्मा

(ब) रामचंद्र शुक्ल

(स) नन्द दुलारे वाजपेयी

(द) सरदार पूर्णसिंह

55. 'काव्य में एक पंथ के पांथ हैं तुलसीदास और दूसरे के कालिदास। तुलसी शील की छांह में छंहाते चलते हैं और कालिदास बिजलियों की कौंध से आंखें मिलाते चलते हैं।' यह पंक्ति किस निबंध में प्रयुक्त हुई है?

(अ) आचरण की सभ्यता

(ब) लोभ और प्रीति

(स) तुम चन्दन हम पानी

(द) साहित्य और सामाजिक जीवन

56. मैथिलीशरण गुप्त रचित 'साकेत' किस प्रकार का काव्य है?

(अ) मुक्तक (ब) खंडकाव्य

(स) गीतिकाव्य (द) प्रबंध काव्य

57. 'यशोधरा' काव्य की नायिका यशोधरा किस महापुरुष की पत्नी थी?

(अ) लक्ष्मण की

(ब) गौतम बुद्ध की

(स) महावीर स्वामी की

(द) आचार्य रामानुज की

69. आदिकालीन रासो साहित्य की प्रमुख प्रवृत्ति नहीं है–

(अ) संकुचित राष्ट्रीयता

(ब) रहस्यवाद

(स) वीरता और युद्धों का चित्रण

(द) विविध छंदों का प्रयोग

70. आदिकाल की कौनसी गद्य रचना शिलांकित रूप में मिली है?

(अ) राउलवेल

(ब) वर्ण रत्नाकर

(स) उक्ति व्यक्ति प्रकरण

(द) सन्देश रासक

71. 'बीसलदेव रासो' का प्रधान रस क्या है?

(अ) वीर (ब) रौद्र

(स) श्रृंगार (द) शांत

72. निम्नलिखित में से कौनसी आदिकालीन लौकिक साहित्य की रचना नहीं है?

(अ) ढोला मारू रा दूहा

(ब) चंदनबाला रास

(स) वसंत विलास

(द) ख़ुसरो की पहेलियाँ

73. नाथ साहित्य की प्रमुख विशेषता नहीं है –

(अ) गुरु महिमा

(ब) इन्द्रिय – निग्रह

(स) कुण्डलिनी – जागरण

(द) मधुरा भक्ति

74. इनमें से कौनसी प्रवृत्ति संत काव्य की नहीं है?

(अ) नाम स्मरण

(ब) वर्णाश्रम धर्म का समर्थन

(स) आडम्बरों का खंडन

(द) रहस्यवादी भावना

75. निर्गुण संत काव्य में किस रस की प्रधानता है?

(अ) शांत (ब) वीर

(स) करुण (द) हास

76. सूफी प्रेमाख्यानों की विशेषता नहीं है –

(अ) प्रेम की प्रधानता

(ब) कथाओं में अति प्राकृतिक घटनाओं का समावेश

(स) कुण्डलिनी – जागरण

(द) हिन्दू संस्कृति का चित्रण

77. तुलसीदास कृत रचना नहीं है?

(अ) विनयपत्रिका

(ब) श्रीकृष्ण गीतावली

(स) जानकीमंगल

(द) रामचंद्रिका

78. कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?

(अ) भक्तमाल – नाभादास

(ब) श्रीरामार्चन पद्धति – तुलसीदास

(स) रामायण महानाटक – प्राणचंद चौहान

(द) रास पंचाध्यायी – नंददास

79. कृष्ण भक्ति काव्य की विशेषता नहीं है?

(अ) ब्रजभाषा का प्रयोग

(ब) गेय पदों की प्रधानता

(स) ईश्वर के लोकरंजक स्वरूप का चित्रण

(द) मसनबी शैली

91. निम्नलिखित में से कौनसा कहानी संग्रह ब्रिटिश हुकूमत द्वारा जब्त कर लिया गया था?

(अ) चिनगारी

(ब) नशा

(स) सोजे वतन

(द) दोजख की आग

92. भारतेन्दु ने किस प्रहसन में भारत में ब्रिटिश शासन के भ्रष्टाचार पर प्रहार किया?

(अ) विषस्य विषमौषधम

(ब) नील विप्लव

(स) विद्या सुन्दर

(द) अंधेर नगरी

93. नाटक और नाटककार की दृष्टि से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?

(अ) मादा कैक्टस – लक्ष्मीनारायण लाल

(ब) सिन्दूर की होली – वृन्दावनलाल वर्मा

(स) आठवां सर्ग – सुरेन्द्र वर्मा

(द) विशाख – जयशंकर प्रसाद

94. 'राग दरबारी' उपन्यास के लेखक हैं –

(अ) श्रीलाल शुक्ल

(ब) अमृतलाल नागर

(स) राही मासूम रज़ा

(द) यशपाल

95. निम्नलिखित में से कौनसा उपन्यास कृष्ण भक्त कवि सूरदास की जीवनी पर आधारित है?

(अ) झूठा सच

(ब) खंजन नयन

(स) मानस का हंस

(द) पुनर्नवा

96. 'कलम का सिपाही' कृति के लेखक कौन हैं?

(अ) प्रेमचन्द

(ब) धनपतराय

(स) अमृतराय

(द) अमृतलाल

97. कौनसी रचना महादेवी वर्मा की नहीं है?

(अ) अतीत के चलचित्र

(ब) पाठ के साथी

(स) स्मृति की रेखाएं

(द) माटी की मूरतें

98. 'साये में धूप' के रचनाकार हैं?

(अ) दुष्यंत कुमार

(ब) श्रीकांत वर्मा

(स) चंद्रकांत देवताले

(द) ऋतुराज

99. नंदकिशोर आचार्य किस सप्तक के कवि हैं?

(अ) तार सप्तक

(ब) दूसरा सप्तक

(स) तीसरा सप्तक

(द) चौथा सप्तक

100. कर्ण के जीवन पर केन्द्रित काव्य 'रश्मिरथी' के रचनाकार हैं?

(अ) जयशंकर प्रसाद

(ब) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(स) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(द) गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही'